हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 मार्च 2026

04 अफवाह से 'फ़ुल टैंक' की होड़ पंपों पर भीड़, कट्टी...



07 जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शिविर का आयोजन आज होगा

**सीहोर।** संकल्प से समाधान अभियान जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 26 मार्च 2026 को शासकीय चन्द्रशेखर आजाद अग्रणी कॉलेज, सीहोर में प्रातः11:00 बजे से किया जाएगा। इस शिविर में प्रभारी मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। शिविर के दौरान लंबित शिकायतों, अनिराकृत आवेदन पत्रों एवं नवीन आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा तथा उन्हें निर्धारित पोर्टल पर दर्ज भी किया जाएगा। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

### बुवाई कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करें

**सीहोर।** रबी फसल गेहूं, चना, मसूर, तिवडा आदि की कटाई के तुरंत बाद पानी की पर्याप्त व्यवस्था होने पर खेत की तैयारी कर ग्रीष्मकालीन मक्का, भिंडी एवं लोबिया की बुवाई शीघ्र 31 मार्च तक पूर्ण करें। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार उपयुक्त मिट्टी व बीजोपचार ग्रीष्मकालीन मक्का, भिंडी एवं लोबिया के लिए बलुई दोमट या दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है, जिसका पी.एच. मान 6 से 7 के बीच हो। एक बार मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करने के बाद 2-3 बार कल्टीवेटर से जुताई कर खेत की मिट्टी को भुरभुरी व महीन बना लें।

### नशा मुक्ति के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से गतिविधियां आयोजित

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन योजना एवं नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के उद्देश्य से सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिले के अनेक स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य सहित अनेक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं और युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। उप संचालक महेश यादव ने बताया कि इस अवसर पर सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

### प्रशासन बोला- कोई किल्लत नहीं, चिन्हित होंगे अफवाह उड़ाने वाले, दोषियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की तैयारी तेज

# ईरान व इजराइल युद्ध के बीच सीहोर में 'पेट्रोल-डीजल' का टेंशन, अफवाहों से बढ़ी पंपों पर भीड़

बीते 24 घंटों से जिले में फेसबुक प्लेटफॉर्म पर यह संदेश तेजी से वायरल हो रहा है कि युद्ध के चलते आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई बंद हो जाएगी। इन भ्रामक संदेशों का असर सीहोर शहर के अलावा बुदनी, इछावर और आष्टा जैसे क्षेत्रों में भी देखा जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





'तरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव की खबरों ने जिला मुख्यालय सहित सीहोर के ग्रामीण अंचलों में भी बेचैनी बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर चल रही पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाहों के कारण जिले के पेट्रोल पंपों पर अचानक असमंजस और भीड़ की स्थिति निर्मित होने लगी है। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है और भीड़ केवल अफवाहों का नतीजा है।

बीते 24 घंटों से जिले में फेसबुक प्लेटफॉर्म पर यह संदेश तेजी से वायरल हो रहा है कि युद्ध के चलते आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई बंद हो जाएगी। इन भ्रामक संदेशों का असर सीहोर शहर के अलावा बुदनी, इछावर और आष्टा जैसे क्षेत्रों में भी देखा जा रहा है। इन क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों से भीड़ की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता में डर का माहौल बन गया है। लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए पंपों की ओर दौड़ रहे हैं।

#### भीड़ या सिर्फ भ्रम, क्या है धरातल की हकीकत

यदि वस्तुस्थिति पर नजर डालें तो भीड़ का यह दृश्य वास्तविक किल्लत से ज्यादा अफवाह का परिणाम है। सीहोर शहर में ही करीब डढ़ दर्जन से अधिक पेट्रोल पंप संचालित हैं। पड़ताल में पाया गया कि चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर प्रतिदिन की भांति ही सामान्य भीड़ लगती है। चूंकि एक साथ 10 से 15 टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर गाड़ियां कतार में आ जाती हैं तो दूर से देखने पर ऐसा लगता होता है कि मानो पेट्रोल खत्म होने वाला है और बहुत बड़ी भीड़ जमा हो गई है। इसी के फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर किल्लत के नाम से वायरल कर दिए जा रहे हैं।

#### अफवाह फैलाने वालों पर होगी नकेल

अफवाहों के इस दौर में पहले तो प्रशासनिक चुप्पी से भ्रम बढ़ा, लेकिन अब प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सप्लाई चेन में कहीं कोई बाधा नहीं है।

उन्होंने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेशों पर विश्वास न करें और अनावश्यक रूप से पंपों पर भीड़ न लगाएं। एसडीएम वर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर बिना आधार के डर फैलाने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग और पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे अराजक तत्वों पर निगरानी रखी जाए और जरूरत पडऩे पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

#### अपीलः धैर्य रखें जिलेवासी

जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से जिलेवासियों से अपील की है कि जिले में कहीं भी ईंधन की किल्लत नहीं है। पेट्रोल पंपों पर नियमित रूप से टैंकर पहुंच रहे हैं। जनता को सलाह दी गई है कि वे केवल अपनी जरूरत के हिसाब से ही ईंधन लें और घबराहट में खरीदारी से बचें।

# डांडिया की थाप पर भोपाल पहुंचे किसान, मुख्यमंत्री को हल भेंट कर सुनाई जल संकट की पीड़ा

### किसानों का अनोखा प्रदर्शन, ढोल-नगाड़ों संग सीएम तक पहुंची गांव की पुकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के दर्जनों गांवों से आए किसानों ने इस बार अपनी बात रखने का ऐसा अनोखा तरीका अपनाया, जिसने हर किसी का दिल छू लिया। ग्राम चंदेरी से शुरू हुई यह यात्रा डांडिया नृत्य और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ सीहोर होते हुए भोपाल तक पहुंची। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने अपनी संस्कृति को जीवंत करते हुए ₹किसान कल्याण वर्ष₹ को उत्सव की तरह मनाया। रास्ते भर लोग रुक-रुककर इस दृश्य को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए।

**ढोल-नगाड़ों की थाप पर गूंजा किसानों का दर्द :** ग्राम बिलकिसगंज, रामाखेड़ी, पचामा, हीरापुर, बड़बेली, रायपुर, नयाखेड़ा, आलमपुरा, खामलिया, रोला, मानपुर और छापरी सहित कई गांवों के किसान इस यात्रा में शामिल हुए। डांडिया नृत्य के साथ उनकी खुशी तो झलक रही थी, लेकिन उसके पीछे छुपा था जल संकट और सड़क जैसी बुनियादी समस्याओं का दर्द।



किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद जताते हुए अपने हक की आवाज भी मजबूती से उठाई।

**मुख्यमंत्री को भेंट किया लकड़ी का हल :** भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचने पर किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लकड़ी से बना पारंपरिक हल भेंट किया। यह हल सिर्फ एक उपहार नहीं था, बल्कि किसानों की मेहनत, उनकी संस्कृति और संघर्ष का प्रतीक था। इस दौरान डांडिया नृत्य का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहां खुद मुख्यमंत्री भी गाड़ी से उतरकर किसानों के बीच पहुंचे और उनके साथ नृत्य करते नजर आए।

**मांगों में झलका गांवों का दर्द :** किसानों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी प्रमुख समस्याएं रखीं, जिनमें भीषण जल संकट और अनुसूचित जाति बस्तियों में सड़क निर्माण की मांग शामिल थी। उन्होंने कहा कि गांवों में पानी की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है और सड़कें न होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**मुख्यमंत्री का आश्वासन बना उम्मीद की किरण :** समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनके जन्मदिन के इस खास अवसर पर रखी गई मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के माध्यम से गांवों में नल-जल योजना और सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन ने किसानों के चेहरों पर उम्मीद की नई चमक ला दी।

# सीहोर में 'मोहन' सरकार का बड़ा एक्शन, बाहरी जिलों की स्पेशल टीम ने संभाला मोर्चा, भैरुंदा में डंपर पकड़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने जिले में जड़े जमा चुके खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत कर दी है। लंबे समय से चल रहे अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खेल को खत्म करने के लिए शासन ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। अब सीहोर के माइनिंग अधिकारी नहीं, बल्कि इंदौर, रतलाम और रायसेन जैसे दूसरे जिलों के आला अफसरों की एक विशेष जांच टीम जिले में हो रहे अवैध कारोबार की पड़ताल कर रही है।

बता दें भोपाल मुख्यालय से आदेश मिलते ही इस 5 सदस्यीय स्पेशल टीम ने सीहोर की सीमाओं में दस्तक दे दी है। टीम ने अपना एक्शन शुरू करते हुए भैरुंदा क्षेत्र में रेत से भरे डंपर को रोककर वैधानिक कार्रवाई की है। इस अचानक हुई कार्रवाई से स्थानीय माफियाओं और उनके मददगारों में हडक़ंप मच गया है। टीम अब जिले के उन क्षेत्रों की खाक छान रही है, जहां से अवैध रेत का परिवहन लगातार जारी था।

#### शिवराज की नाराजगी का असर

मालूम हो यह बड़ी कार्रवाई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में दिशा की बैठक में जताई गई तीखी नाराजगी का सीधा असर मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर शिकायतों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की अनसुनी होने के बाद शासन ने स्थानीय माइनिंग टीम के बजाय बाहरी अधिकारियों को मैदान में उतारने का फैसला किया।

#### इन अफसरों के हाथ में है कमान

अवैध उत्खनन की जांच करने के लिए गठित इस टीम का नेतृत्व अनिल नारनवरे अधीक्षण भौमिकीविकी इंदौर कर रहे हैं, जबकि टीम के अन्य सदस्यों में दीपक सोलंकी उप संचालक भोपाल, सुमित गुप्ता सहायक खनि अधिकारी रायसेन, शंकर कनेश खनि निरीक्षक रतलाम और अर्जुन श्रीवास्तव कनिष्ठ प्रबंधक खनिज निगम सीहोर शामिल हैं। यह गठित टीम 7 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### पेंशनर्स के विरुद्ध जारी वैद्यता अधिनियम 2025 को वापस लेने के लिए प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**सीहोर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी के आव्हान पर जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में सीहोर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पेंशनर्स के विरूद्ध जारी वैद्यता अधिनियम 2025 जो इस सिद्धांत को मान्यता देता है कि केन्द्र सरकार को अपने पेंशनर्स का वर्गीकरण करने और उनके बीच अन्तर बनाये रखने का अधिकार है, 29 मार्च 2025 को जारी नोटीफिकेशन से लागू हो गया है। इसे बिना पूर्व सूचना के वित्त विधेयक के भाग के रूप में पेश किया गया और 25 मार्च 2025 को लोकसभा द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। यदि यह अधिनियम अक्षरशः लागू होता है तो पेंशनभोगियों की सेवानिवृत्ति की तिथि, पेंशन पात्रता के संबंध में वर्गीकरण और उनके बीच अन्तर का आधार होगा, जिससे केन्द्रीय वेतन आयोग (या किसी भी वेतन आयोग ) के कार्यकाल से पहले के पेंशनर्स वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभ से वंचित हो जाएगें। मौजूदा पेंशनभोगियों को इस कठिन समय में पेंशन वृद्धि का लाभ ना मिलने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ेगा । सरकार के घोषित उद्देश्यों के विरूद्ध है कि वह अपने सभी नागरिकों को सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करती है। यह भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णयों के भी विरूद्ध है । पेंशन एक सामाजिक कल्याणकारी व्यवस्था है, जो उन लोगों को सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करती है, जिन्होंने अपने जीवन के सुनहरे दिनों में नियोक्ता (केन्द्र / राज्य सरकार) के लिए अथक परिश्रम किया है, इस आश्वासन के साथ कि वृद्धावस्था में उन्हें बेसहारा नहीं छोड़ा जाएगा।

# सात साल की मासूम आदिवासी बच्ची का देह व्यापार के लिए अपहरण, 13 दरिंदों को जेल

**सीहोर।** जिले के थाना इछावर क्षेत्र के डुंडलावा गांव में 10 फरवरी 2024 की सुबह आठ बजे एक दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया। एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी में सवार दरिंदों ने जनजाति वर्ग की महज 7 साल की अबोध बालिका को पानी मांगने का झांसा देकर कार में बैठा लिया और रफूचक्कर हो गए। पीड़िता का 5 साल का छोटा भाई आंखें फाड़े देखता रह गया। नानाजी ने जब काफी देर बाद नातिन को बाहर न देखा तो पूरे गांव में हाहाकार मच गया। परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के पूरे इलाके के CCTV फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध सफेद कार शहर से बाहर जाती दिखी। मुखबिरों की सूचना और PSTN डेटा की जांच से पता चला कि अपहरणकर्ता शिवपुरी जिले में छिपे हैं। पुलिस टीमें रात के अंधेरे में शिवपुरी के मायापुर थाना क्षेत्र स्थित कंजरों के डेरे पर टूट पड़ीं और मासूम को सकुशल बरामद कर लिया।

#### देह व्यापार के लिए रची गई थी साजिश

पूछताछ में रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आया। आरोपियों ने इस पूरी वारदात को बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था। घटना से एक दिन पहले ही गिरोह के कुछ सदस्य घटनास्थल के पड़ोसी गांव में रेकी कर चुके थे। मासूम बच्ची को देह व्यापार के लिए अगवा कर आरोपी सोम कंजर, किरण बेढ़िया, वंदना बेढ़िया और अनुज शिवहरे को बेचा जाना था। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल दोनों कारें, मोबाइल फोन, पीड़िता के कपड़े और मुंह दबाने में इस्तेमाल तौलिया भी जब्त किया।

**13 दरिंदे कटघरे में, पुख्ता सबूतों ने कसा शिकंजा:** पुलिस ने 60 दिन के भीतर 14 आरोपियों के खिलाफ धारा 366(A), 372, 120-B, 75 भादवि सहित पॉक्सो एक्ट और SC/ST एक्ट के तहत चालान पेश किया।

अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 26 गवाहों की गवाही करवाई और 164 दस्तावेज व साक्ष्य प्रमाणित कराए। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने मजबूत पैरवी की। विशेष न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने सभी साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए 13 आरोपियों को दोषी करार दिया। एक आरोपी प्रेमसिंह पहले से फरार होने के कारण फैसले से बाहर रहा।

#### 4 को उम्रकैद, 13 को 12-12 साल की सजा

न्यायालय ने कठोर फैसला सुनाते हुए 4 आरोपियों को आजीवन कारावास और 13 आरोपियों को 12-12 साल की सजा सुनाई। कुल मिलाकर 37 वर्ष का कारावास और 52,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने पीड़िता को मध्यप्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 1 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया। साथ ही जुर्माने की राशि भी पीड़िता को दिए जाने का निर्देश दिया।

### गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया

# टेकरी पर माता रानी और हनुमान जी के मंदिर निर्माण में करेंगे पूरा सहयोग : नपाध्यक्ष राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चैत्र नवरात्र ग्राम रफीकगंज ढेकिया शनि मंदिर के पास टेकरी वाली मईया के दरबार में पारंपरिक रूप से श्रद्धालुओं के द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। एक प्रयास एनजीओ संस्था ने मंगलवार की रात सेठ जी डेवलपर्स के सहयोग से भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया। माता जगदंबा के दरबार में नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा एकल नृत्य समूह नृत्य और डांडिया गरबा की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर और विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन रफीगंज के सरपंच भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज परमार ने माता रानी की आरती में सम्मिलित होकर गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी त्रिलोकचंद्र सिंह राजपाल और रमेश मूंदड़ा के द्वारा माता जगदंबा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का एक प्रयास एनजीओ संस्था अध्यक्ष सन्नी राजपाल और संचालक रजत मुंद्डा ने पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। मातारानी की आरती के उपरांत सीहोर रफीगंज ढकिया गांव से पहुंची सौ से अधिक बालिकाओं ने विभिन्न भक्ति गीतों पर गरबा प्रस्तुत किया। उपस्थित मातृशक्ति और आयोजन समिति के सदस्यों को संबोधित करते अतिथियों ने नवरात्र पर्व की बधाई शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति की प्रशंसा की और भविष्य में भी सभी प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलेख राठौर, तेजवीर मल्होत्रा, आशुतोष गुप्ता, सुनील चावला, मान सिंह सोलंकी, प्रदीप नागिया ,चंद्रशेखर व्यास ,दिलीप राठौर राजेश नमदेव.अमर सिंह दादा सहित मंदिर समिति सदस्यों ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के ग्रामीण आंचल के हजारों श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। प्रसादी वितरण उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

खबर संक्षेप



## ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**सीहोर।** जिले में संचालित किए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने और सीहोर जिले की 14 वर्ष की शत-प्रतिशत बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री वर्मा ने अब तक की एचपीवी टीकाकरण प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीकाकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और सभी पात्र बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और जनपद पंचायत सहित सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और 14 वर्ष आयु वर्ग की शत-प्रतिशत बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करें।

## फील्ड मास्टर ट्रेनर्स को दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**सीहोर।** जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जनगणना कार्य के सफल संपादन के लिए सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में 24 से 26 मार्च तक फील्ड लेवल मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मार्च को आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को जनगणना कार्यों की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार जिले में जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 के मध्य आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होना प्रस्तावित है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी। आंकड़ों का संकलन मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को स्वयं अपना डेटा भरने की सुविधा देने के लिए स्व-गणना वेब पोर्टल विकसित किया जा रहा है। मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, जबकि जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली वेब पोर्टल के जरिए संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग की जाएगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भ्रामक संदेश तेजी से वायरल हुए

# अफवाह से 'फुल टैंक' की होड़ पंपों पर भीड़, कट्टी की कतार

### प्रशासन का स्पष्ट संदेश-ईंधन पर्याप्त, पैनिक बाइंग ने बिगाड़े हालात, सोशल मीडिया की भ्रामक खबरों से फैली अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह ने भैरूंदा में मंगलवार शाम से लेकर बुधवार सुबह तक हालात अचानक बदल दिए। सोशल मीडिया पर वायरल संदेशों के चलते लोगों में ऐसी घबराहट फैली कि शहर के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए टूट पड़े। स्थिति कुछ समय के लिए ऐसी बनी कि कई पंपों पर ईंधन खत्म होने जैसा दृश्य दिखाई देने लगा, जबकि हकीकत में सप्लाई पूरी तरह सामान्य रही।

मंगलवार शाम से ही भीड़ का दबाव बढ़ना शुरू हो गया था। देर रात तक कई पंपों पर लाइनें लगी रहीं और बुधवार सुबह यह भीड़ चरम पर पहुंच गई। अचानक बढ़ी मांग से पंप संचालक भी असमंजस में पड़ गए। शुरुआती पड़ताल में साफ हुआ कि यह पूरी स्थिति सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों का नतीजा है, जिसने आम लोगों में अनावश्यक डर पैदा कर दिया।

#### सोशल मीडिया की अफवाह बनी वजह

शहर और आसपास के इलाकों में व्हाट्सएप ग्रुप्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत को लेकर भ्रामक संदेश तेजी से वायरल हुए। कुछ संदेशों में अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति बाधित होने और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने तक की बातें कही गईं। इन अपुष्ट सूचनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी और बिना सत्यापन के ही लोग पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े।

#### फुल टैंक की होड़ से बिगड़ा संतुलन

पंप संचालकों के अनुसार सामान्य दिनों के मुकाबले अचानक कई गुना ज्यादा मांग आ गई। लोगों ने जरूरत से



अधिक ईंधन भरवाना शुरू कर दिया। कई उपभोक्ताओं ने अपनी गाड़ियों की टंकियां पूरी तरह फुल करवा लीं, जिससे स्टॉक तेजी से कम होता नजर आया। यही कारण रहा कि कुछ पंपों पर अस्थायी रूप से ईंधन खत्म होने जैसी स्थिति बनी, जबकि सप्लाई लगातार जारी थी।

#### संचालकों की अपील-घबराएं नहीं

पेट्रोल पंप संचालकों ने नागरिकों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिपो स्तर पर पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और सभी पंपों को नियमित रूप से आपूर्ति मिल रही है। उन्होंने कहा कि पैनिक बाइंग से ही यह स्थिति बनी है। जमाखोरी की कोशिश करने वालों पर नजर रखी जा रही है, जबकि आम उपभोक्ताओं और किसानों के लिए कोई समस्या नहीं है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में भी असर, लेकिन स्टॉक पर्याप्त

अफवाह का असर केवल शहर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी लोग पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। इसके बावजूद प्रशासन का कहना है कि नगर सहित सभी क्षेत्रों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई पूरी तरह सुचारू है।



#### प्रशासन का आश्वासन-कोई कमी नहीं

स्थानीय प्रशासन ने भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भैरूंदा तहसील क्षेत्र में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। मांग के अनुसार आपूर्ति लगातार जारी है और कहीं भी संकट जैसी स्थिति नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक खरीदारी से बचें।

#### उधारी बंद होने से भी फैला भ्रम

इसी बीच कुछ पेट्रोल पंपों पर उधारी बंद किए जाने की सूचना ने भी भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। कई लोगों ने इसे ईंधन संकट से जोड़कर देखा, जिससे अफवाहों को और बल मिला। हालांकि संचालकों ने स्पष्ट किया कि यह एक सामान्य व्यावसायिक निर्णय है और इसका ईंधन आपूर्ति से कोई संबंध नहीं है।

#### जिम्मेदारी से ही बनेगी स्थिति सामान्य

प्रशासन और पंप संचालकों ने संयुक्त रूप से नागरिकों से अपील की है कि वे केवल प्रमाणित और आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों से दूर रहें और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करें। अधिकारियों का कहना है कि यदि लोग संयम रखें तो ऐसी स्थिति से आसानी से निपटा जा सकता है और बाजार में किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होगी।

## फैक्ट्रियों का गंदा पानी, अधूरा पथ मन को व्यथित करता है : विक्रम मस्ताल शर्मा



**सीहोर।** माँ नर्मदा की पावन परिक्रमा पूर्ण कर लौटे विक्रम मस्ताल शर्मा ने मंगलवार को शहर के होटल वृंदावन में आयोजित पत्रकार वार्ता में नर्मदा नदी की वर्तमान स्थिति पर गंभीर और चौंकाने वाले आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर फैक्ट्रियों का गंदा पानी सीधे नर्मदा में मिल रहा है, जिससे नदी की पवित्रता और पर्यावरण दोनों पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि परिक्रमा के दौरान जो स्थिति देखने को मिली, वह बेहद चिंताजनक है और इससे श्रद्धालुओं की आस्था आहत हो रही है।

मोक्षदायिनी नर्मदाः आस्था की सबसे कठिन यात्राओं में एकविक्रम मस्ताल ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा सनातन धर्म की सबसे कठिन और पवित्र यात्राओं में से एक मानी जाती है। मान्यता है कि माँ नर्मदा की परिक्रमा करने से जीवन के पापों का क्षय होता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। यह परिक्रमा हजारों किलोमीटर लंबी होती है, जिसे श्रद्धालु महीनों तक कठिन परिस्थितियों में नियम, संयम और पूर्ण आस्था के साथ पैदल पूरा करते हैं।

**जमीनी हकीकत अलग-कई जगह नहीं बना नर्मदा पथ** :उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर कई स्थानों पर अब तक नर्मदा पथ का निर्माण नहीं हो पाया है। कहीं रास्ता अधूरा है तो कहीं मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। परिक्रमा वासियों को कई बार जोखिम उठाकर यात्रा करनी पड़ती है, जिससे यह सवाल खड़ा होता है कि इतनी महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा के बावजूद व्यवस्थाओं में कमी क्यों बनी हुई है।

**नर्मदा को छलनी किया जा रहा, परिक्रमा वासियों में रोषः** विक्रम मस्ताल ने कहा कि नर्मदा नदी के साथ हो रही लापरवाही को लेकर परिक्रमा वासियों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न माध्यमों से नदी को "छलनी" किया जा रहा है, जो अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि एक ओर श्रद्धालु इसे माँ मानकर उसकी पूजा करते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी नदी को प्रदूषित किया जाना बेहद विरोधाभासी स्थिति है।

**आस्था बनाम व्यवस्थाः उठे बड़े सवाल** : पत्रकार वार्ता के दौरान यह मुद्दा भी प्रमुखता से सामने आया कि जब नर्मदा परिक्रमा जैसी आस्था को इतना महत्व दिया जाता है, तो उसके मार्ग, सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर ठोस व्यवस्था क्यों नहीं है। यह भी सवाल उठा कि क्या आस्था केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित रह गई है या फिर व्यवस्था की जिम्मेदारी तय करने की भी जरूरत है। विक्रम मस्ताल ने प्रशासन और समाज दोनों से अपील की कि नर्मदा के संरक्षण, स्वच्छता और परिक्रमा मार्ग को व्यवस्थित करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**आस्था को बचाने के लिए व्यवस्था सुधार जरूरीः** उन्होंने कहा कि यदि समय रहते नर्मदा की स्थिति और परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो यह केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है।

## खंड स्तरीय 'संकल्प से समाधान' शिविरः छूटे हितग्राहियों तक पहुंचा प्रशासन, योजनाओं का मौके पर मिला लाभ

### शासन के निर्देशानुसार 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत जनपद पंचायत परिसर में आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

नगर में बुधवार को खंड स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। सुशासन एवं स्वराज आधारित विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को केंद्र में रखकर संचालित इस अभियान में विभिन्न विभागों ने एक ही मंच पर उपस्थित होकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया। यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

पहले चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से समस्याओं का समाधान किया गया, जबकि दूसरे चरण में क्लस्टर स्तर पर शेष मामलों का निराकरण किया गया। इसके बाद अब खंड स्तरीय शिविरों के माध्यम से उन हितग्राहियों तक प्रशासन पहुंच रहा है, जिनकी समस्याएं पूर्व चरणों में हल नहीं हो पाई थीं। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष श्रवण व्यास सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं प्रशासनिक स्तर पर एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, जनपद सीईओ संजय अग्रवाल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनपद सीईओ संजय अग्रवाल ने आयुष्मान भारत, संबल योजना एवं प्रधानमंत्री मानधन योजना की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्या का समाधान करना है, और इस अभियान के माध्यम से यह प्रयास काफी हद तक सफल रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि वार्ड स्तर पर हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। साथ ही उन्होंने स्वच्छता एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर नागरिकों से सहयोग की अपील भी की।

पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना ही इस अभियान की मूल भावना है, जिसमें जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत अब तक ग्राम पंचायत स्तर पर 106 योजनाओं के माध्यम से 19,730 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। शिविर के समापन अवसर पर विभिन्न योजनाओं में चयनित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिससे शिविर में जनसहभागिता भी देखने को मिली।

## खेती का भविष्य बुधनी मेंः राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का हुआ समापन



**बुधनी।** मध्य प्रदेश के बुधनी स्थित केंद्रीय कृषि मशीनरी परीक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (सी एफएमटीटीआई) में आयोजित तीन दिवसीय "राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो–2026" का बुधवार को भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि 23 से 25 मार्च तक चले इस किसान मेले में आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों का संगम देखने को मिला, जिसने किसानों के बीच नई उम्मीद और उत्साह का संचार किया

एक्सपो के दूसरे दिन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई उन्होंने विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन कर ट्रैक्टर,उन्नत कृषि यंत्र,स्प्रेयर और सिंचाई उपकरणों की जानकारी ली साथ ही किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओएस) के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने कृषि मंत्री ने ड्रोन आधारित कृषि,ड्राइवरलेस ट्रैक्टर,एग्री रोबोट, प्रिसिजन फार्मिंग और सेंट्रल पिवोट सिंचाई प्रणाली जैसे अत्याधुनिक तकनीकों के लाइव प्रदर्शन को सराहा उन्होंने कहा कि ये नवाचार भविष्य की खेती को नई दिशा देंगे इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि बुधनी में इस तरह का राष्ट्रीय कृषि मेला हर वर्ष आयोजित किया जाएगा।

तीन दिनों तक चले इस एक्सपो में 12 हजार से अधिक किसानों,कृषि उद्यमियों,वैज्ञानिकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया मेले में लगे कृषि यंत्र,बीज, सिंचाई प्रणाली और कृषि सेवाओं से जुड़े स्टॉल्स किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे लाइव डेमोंस्ट्रेशन और तकनीकी सत्रों के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी गई। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शकों को सम्मानित किया गया सीएफएमटीटीआई के निदेशक डॉ. बी. एम.नांदेड़े ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय और भारती मीडिया एंड इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के आयोजक श्री भारत बलियान भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. नांदेड़े ने कहा कि इस तरह के आयोजन किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी उत्पादकता और आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने किसानों से नई तकनीकों को अपनाने की अपील की राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो–2026 का सफल आयोजन बुधनी ही नहीं,बल्कि देश के कृषि क्षेत्र के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरा है यह आयोजन तकनीकी उन्नति,नवाचार और किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

### घर-घर जाकर लोगों को जन-जागरुकता से जुड़े विषयों के प्रति प्रेरित किया

# एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ स्वच्छता और डिजिटल साक्षरता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गोद ग्राम पचामा के हाई स्कूल परिसर में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर पूर्व जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया, शासकीय हाई स्कूल पचामा की अध्यापिकाएं वंधना मालवीय, नेहा तिवारी, सुलेखा, सुमन गुप्ता एवं प्रीति सहित रासेयो प्रभारी डॉ. गरीमा परिहार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ राजेश बकोरिया ने बच्चों को एनएसएस की बारीकियों से अवगत करते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी डॉ गरिमा



सिंह परिहार ने सभी के साथ सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। सभी अतिथियों ने स्वयंसेवकों को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए स्वच्छता, शिक्षा एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर ग्राम पचामा की स्थानीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे स्वयंसेवक जमीनी स्तर पर कार्य कर सकें। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं पोषण, तथा आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही एनएसएस के सिद्धांतों के अनुरूप स्वयंसेवक गांव में सर्वे, जनसंपर्क एवं विभिन्न समूह गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पचामा में जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छ भारत अभियान एवं जन-जागरूकता से जुड़े विषयों के प्रति प्रेरित किया। यह विशेष शिविर आगामी दिनों में विविध सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ग्राम विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करेगा। इस विशेष शिविर के माध्यम से एनएसएस इकाई न केवल ग्रामीण विकास में योगदान दे रही है, बल्कि छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक संवेदनशीलता का भी विकास कर रही है। आगामी दिनों में भी विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से ग्राम पचामा में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास जारी रहेगा।

## सीएम मोहन यादव के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



**बुधनी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर सेवा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की कार्यक्रम के तहत अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया उपस्थित जनों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा भावना, संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करते हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, भाजपा महामंत्री सतीश गुप्ता,भाजपा नेता राजेश पाल, किशन मालवीय, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर,मांगीलाल यादव, सीबीएमओ डॉ. डी. बड़ोदिया,डॉ.अजय अवस्थी,डॉ. महेंद्र बैन,धीरेंद्र तिवारी, पार्षद प्रभात भदौरिया,यशवंत चौहान,राजा पटेल, श्रीकांत शर्मा,भानु यादव,मनीष बाजपेई, भूपेंद्र यादव,विशाल खत्री,पंकज जाट, राजकुमार यादव, तरुण यादव,आदित्य यादव,सोनू सारवान, निमंतराम,अंकित चिन्माने सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने समाज सेवा और जनहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**पीएम.श्री केन्द्रीय विद्यालय सीहोर**

**सत्र 2026-27 हेतु कक्षा पहली में प्रवेश सूचना**

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केन्द्रीय विद्यालय सीहोर में कक्षा 1 में प्रवेश हेतु **ऑनलाईन पंजीकरण दिनांक 20.03.2026** से प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हो गया है जो कि दिनांक 02.04.2026 तक होगा। प्रवेश संबंधित विवरण वेबसाइट https://kvsangathan.nic.in/en/admission/ के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कक्षा 1 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक : https://admission.kvs.gov.in

प्राचार्य
के.वी. सीहोर

**न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर**

क्रमांक 646/रीडर/26 सीहोर दिनांक 23/03/2026
प्रकरण कमांक 0004/अ-20(3)/25-26 ग्राम मुरली सीहोर

:: जाहिर सूचना ::

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है। आवेदक/विभाग नगर पालिका सीहोर संस्था का प्रकार Other संस्था का पता नगर पालिका सीहोर द्वारा नगरीय जिला सीहोर तहसील सीहोर नगर के ग्राम मुरली सीहोर -358203 स्थित भूमि सर्वे नं0 342 प्लाट नं0 12 रकबा 0. 999 का विषयक राज्य शासन के किसी विभाग को हस्तांतरण भूमि आवंटन / नजूल भूमि स्थायी पट्टा स्वयं संस्था के नाम चाहा गया है। उक्त संबंध में यदि किसी विभाग या अन्य नगरवासी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वेध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगायह उदघोषण आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।

तहसीलदार,
तहसील सीहोर नगर

## खबर संक्षेप

### धाकड़ बने भौरासा ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष




**भौरासा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान एवं जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस विश्वजीत चौहान की अनुशंसा पर जितेंद्र धाकड़ काकड़ादा को भौरासा किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी,नगजीराम यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव,पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, दिनेश यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी,अफजल मंसूरी, संदीप चावड़ा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विशाल गुर्जर, कांति लाल यादव, रमेश चंद गुर्जर, दिलीप यादव, दिनेश चौहान, मनोहर यादव, कालू गुर्जर, सोनू यादव, सुनील उप सरपंच, जितेंद्र यादव, रामेश्वर यादव, प्रकाश कुशवाह,अर्जुन यादव, केदार यादव, तेजसिंह यादव, पवन यादव, लकी यादव, विजेंद्र यादव, कान्हा आदि लोगों ने धाकड़ को किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि जनप्रतिनिधियों ने देश के वीरों को किया नमन

**देवास।** बलिदान दिवस के अवसर पर गजरा गियर चौराहा के समीप देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर जवान भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के स्मारक पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम देवास विधायक गायत्री राजे पवार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर निगम एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 40 के पार्षद धर्मेंद्र सिंह बेस, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चंदेल, संजू जलोदिया, सुरेश टिकोलिया, विशाल नागर, मनोज राय, राजेंद्र राजपूत, विक्रम देवड़ा, महेश विश्वकर्मा, ओमप्रकाश मिस्त्री, सन्नी गोसर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कांग्रेस का हल्ला बोल, शहर के प्रमुख मार्गों से रैली के रूप में होते हुए पहुंचे नगर निगम

# जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया नगर निगम का घेराव, जोरदार प्रदर्शन नारेबाजी कर दिया ज्ञापन





**कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप 735 रुपए में पौधों की खरीदी में हुआ भ्रष्टाचार, 40 हजार लीटर डीजल की खपत को नए कमिश्नर द्वारा 30 हजार लीटर करने पर उठाए सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

लंबे समय बाद कांग्रेस ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसजन नगर निगम पहुंचे और भ्रष्टाचार, दूषित पेयजल आपूर्ति तथा करों में बढ़ोतरी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यकर्ता सयाजी द्वार पर एकत्रित हुए। यहां से रैली के रूप में तहसील चौराहा, अलंकार चौराहा, नावेल्टी चौराहा, पिठा रोड और ए.बी. रोड होते हुए नगर निगम पहुंचे।कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर शहरभर में विरोध दर्ज कराया।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी और नेता प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सांसद, विधायक एवं नगर निगम सभी जगह भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि काबिज हैं, इसके बावजूद नगर निगम शहरवासियों के साथ न्याय नहीं कर रहा है। एक-दो दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है, जबकि पूरे माह का शुल्क वसूला जा रहा है। साथ ही जलकर एवं संपत्ति कर में वृद्धि की गई है, जो अनुचित है और इसे शीघ्र वापस लिया जाना चाहिए ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि संपत्ति कर, जलकर एवं मलवा शुल्क में की गई वृद्धि तत्काल वापस ली जाए। नलों में दूषित पानी आ रहा है, पाइपलाइन की जांच कर शीघ्र सुधार किया जाए। खाली प्लॉटों पर भी कचरा शुल्क वसूला जा रहा है, उसे समाप्त किया जाए। सीवरेज शुल्क पुरानी तारीखों से वसूला जा रहा है, जिसे निरस्त किया जाए। इसके अलावा एमजी रोड ड्रीम प्रोजेक्ट के नाम पर चौड़ीकरण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उसे शीघ्र पूर्ण करने की मांग की गई। पेकी प्लांट की समस्या का निराकरण कर भवन निर्माण की अनुमति देने, वार्डों में हो रहे घटिया निर्माण कार्यों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने, जल वितरण का समय निर्धारित करने तथा वार्डों के बगीचों के रखरखाव हेतु चौकीदार नियुक्त करने की मांग भी उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि 735 रुपए में पौधों की खरीदी में भ्रष्टाचार हुआ है।

वहीं 40 हजार लीटर डीजल की खपत को नए कमिश्नर द्वारा 30 हजार लीटर करने पर सवाल उठाते हुए महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल से 10 हजार लीटर डीजल के उपयोग का हिसाब देने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की लोकायुक्त से जांच कराने की भी मांग की गई। प्रदर्शन के अंत में निगम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, शौकत हुसैन, मनोज राजा, नी नजर शेख, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, पार्षद दीपेश कानूनगो, डॉ. श्याम पटेल, पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार, आबिद खान, प्यारे मियां पठान, राजेश डांगी, वंदना पांडे, मीना फानी, ईशान राणा, प्रतीक शास्त्री, रूपेश कल्याने, नीरज नागर, दिलीप सिंह बजेपुर, रितेश त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह गौड़, विक्रम मुकाती, विक्रम पटेल, महेंद्र घारू, अनिल गोस्वामी, विश्वजीत चौहान, शाहजी हाशमी, नरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह मोटा, मनोज हेतावाल, अजय सिंह राजोदा, पीयूष पाटनकर, वीरेंद्र परदेसी, दिग्विजय सिंह झाला, अतुल सिंह राजपूत, ज्ञान सिंह दरबार, गौरव जोशी, प्रथम पवार, मोनू शर्मा, धीरज कल्याने, गजेंद्र तोमर, खलील शेख, विशाल यादव, राजू दरबार, मुकेश पटेल, परवेज हारून शेख, जहीर शेख, मुकेश शर्मा, राजेश जायसवाल, गोवर्धन देसाई, अशोक पटेल, रुपेश पटेल, ईश्वर हरड़, ईश्वर सिंह देवानिया, पवन श्रीवास्तव, नरेंद्र चौहान, अपूर्व मंडल, मुकेश सोलंकी, मनोज सांगते, मंसूर शेख, बने सिंह अस्थाया, अविनाश जेठवा, सोहन पटेल, राजा पडियार, नईम अहमद, प्रदीप बनाफर, अर्जुन मारू, हारीश गजधर, हर्ष प्रताप सिंह गौड़, श्रीकांत चौहान, अक्षय बाली, उबेद शेख, कल्लू भाई, राष्ट्रीय रईस, अजय सांगते, कामदार आरिफ मेव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मकान के कब्जे को लेकर महिलाओं ने दंपत्ति को पीटा, पारिवारिक विवाद के बीच केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



शहर के ओम साईं विहार इलाके में मंगलवार को महिलाओं के एक समूह ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि उन्होंने एक मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और मकान मालिक धीरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।पीथमपुर से आईं सलोनी सिंह, सरिता सिंह और लगभग 10 अन्य महिलाएं लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मकान का ताला तोड़कर जबरन अंदर प्रवेश किया और धीरेंद्र सिंह से मारपीट की।जानकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी सलोनी सिंह, धीरेंद्र सिंह के बड़े भाई की पत्नी हैं। उनका तलाक का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। ओम साईं विहार स्थित इस मकान को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है।मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में महिलाएं ताला तोड़कर अंदर घुसते और हंगामा करते हुए साफ नजर आ रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।फिलहाल, औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

## शहर के कुछ पेट्रोल पंप पर खत्म हुआ पेट्रोल जहां मिला रहा वहां वाहनों की लगी लंबी-लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास/भौरासा



शहर में मंगलवार को कुछ पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को देवास बायपास पर कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद मंगलवार को शहर के बीच स्थित खनूजा पेट्रोल पंप, कैलादेवी चौराहे के समीप पंप और विकास नगर क्षेत्र के फिलिंग स्टेशन पर लोगों को पेट्रोल नहीं मिला।भोपाल रोड पर भी एक पंप संचालक ने अपने पंप के बाहर दो से तीन घंटे तक पेट्रोल उपलब्ध न होने का नोटिस चस्पा कर दिया। जैसे ही शहर में पेट्रोल नहीं मिलने की सूचना फैली, कई लोग अपने वाहन लेकर पंपों की ओर जाते दिखे। हालांकि, उज्जैन रोड के पंप पर संचालक द्वारा डीजल और पेट्रोल दोनों उपलब्ध करवाए गए। शहर में अधिकांश ईंधन मांगल्या डिपो से आता है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण पंप डीलरों से अग्रिम राशि मांगी जा रही है। जो डीलर समय पर भुगतान कर रहे हैं, उन्हें माल भेजा जा रहा है, जबकि कई पंपों का पहले से उधार बाकी है, ऐसे डीलरों को आगे से ईंधन के टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं।इस मामले में खाद्य विभाग ने बताया कि पेट्रोल-डीजल का कोई संकट नहीं है। टैंकर नहीं आने से यह समस्या उत्पन्न हुई है, और शाम तक स्थिति सामान्य हो जाएगी।डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि लोगों को धैर्य रखना चाहिए। जगदीश देवड़ा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सभी लोगों को धैर्य रखना चाहिए। भारत सरकार व्यवस्थाएं कर रही है। यदि कहीं थोड़ी बहुत तकलीफ है तो उसे दूर किया जाएगा।

### पेट्रोल न मिलने की अफवाह से पंप पर लगी भीड़



**भौरासा।** नगर में अचानक से पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल ना मिलने की अफवाह फैलते ही लोगों की लंबी लाइन बुदासा रोड स्थित चामुंडा श्री फ्यूलस रिलायंस पंप पर देखी गई। लोग गाड़ियों सहित बड़ी-बड़ी केन लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे लेकिन पंप पर केन नहीं भरी गई। गाड़ियों में ही पेट्रोल डाला गया। भारी भीड को लेकर पंप के मालिक दशरथ धाकड़ ने सभी लोगो को समझाइश दी की पेट्रोल की कमी नहीं है। सभी को पेट्रोल मिलेगा आप लोग घबराए नहीं। बावजूद लोग देर शाम तक पेट्रोल लेने जमे रहे।

## विवाद के बाद संदिग्ध मौत, शॉर्ट पीएम में हार्ट अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिले के बांगरदा गांव में सोमवार रात एक मामूली विवाद के बाद 56 वर्षीय किसान बाबूलाल हटेसिंह चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।मृतक के छोटे भाई गजराज सिंह ने बताया कि बाबूलाल केलाद गांव से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। उनके साथ कार में भतीजा शुभम और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। बताया गया कि केलाद रोड स्थित बांगरदा चौराहे पर उनकी कार को धीरे चलाने की बात को लेकर बाइक सवार कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। यह विवाद उस समय तो शांत हो गया, लेकिन बाद में मामला फिर से बढ़ गया।परिजनों का आरोप है कि बाबूलाल के घर पहुंचने के कुछ समय बाद वही युवक वहां आ पहुंचे। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया। परिजनों का कहना है कि विवाद के दौरान कथित तौर पर पत्थरबाजी हुई, जिसमें बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है और परिजनों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक पत्थरबाजी और हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।बरोठा थाना प्रभारी सविता जाटव के अनुसार मर्ग पंजीबद्ध किया गया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में हार्ट अटैक बताया गया है।मामले की गंभीरता से जांच की जारी है।

### आयोजित हुआ संकल्प से समाधान अभियान व जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम

# 92 हजार 98 आवेदनों का हुआ निराकरणः उपमुख्यमंत्री देवड़ा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में देवास के मल्हार स्मृति मंदिर में "संकल्प से समाधान अभियान" एवं "जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक देवास गायत्रीराजे पवार, विधायक बागली मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, दुर्गेश अग्रवाल, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में हितग्राहीगण उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा कई जन हितैषी कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा "संकल्प से समाधान अभियान" के तहत शिविरों का आयोजन पूरे प्रदेश सहित देवास जिले में भी किया जा रहा है। यह शिविर चार चरणों में सतत जारी है। इन शिविरों का शुभारंभ 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ हुआ जो कि 31 मार्च तक संचालित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम 22 विभागों की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि देवास जिले में "संकल्प से समाधान अभियान" कार्यक्रम अंतर्गत 73 शिविरों का आयोजन किया गया। "संकल्प से समाधान अभियान" के तहत आयोजित शिविर में 01 लाख 02 हजार 486 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें 92 हजार 98 आवेदनों को निराकरण किया गया।

### हितलाभ किए वितरित

देवड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए लगातार शिविरों एवं अभियानों का आयोजन कर रही है। इन शिविरों में प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आवेदकों के आवेदन प्राप्त किए तथा उनका निराकरण कर हितलाभ वितरित किए।

### जल है तो हम है

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि जल को बचाने के लिए हम सभी को एकजूट होकर कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि "जल ही जीवन है और जल है तो हम है" इसको ध्यान रखना जरूरी है। जल के संचयन के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए "जल गंगा संवर्धन अभियान" प्रारंभ किया है। "जल गंगा संवर्धन अभियान" के माध्यम से पुराने तालाब, कुएं, बावड़ियों, नदी, नालों का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। यह एक बड़ा जल संचय का अभियान है। जिसमें आमजन को सहभागिता कर "जल गंगा संवर्धन अभियान" को सफल बनाना है। सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी तथा सभी जिलेवासियों से जल गंगा संवर्धन अभियान सहभागिता का आग्रह किया।

### मां अंबिका माता मंदिर पर आज होगा भंडारा



**भौरासा।** नगर के छिपा पूरा में स्थित अति प्राचीन मां अंबिका माता मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी एक विशाल भंडारे का आयोजन होने जा रहा है जिसमें क्षेत्र व नगर की धर्म प्रेमी जनता से समिति द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की जा रही है। समिति के संतोष राठौर ने बताया कि 26 मार्च को समय शाम 5:00 बजे से छिपा पूरे में स्थित मां अंबिका चौक पर मां के दरबार में एक विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जिसमें नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील समिति के सदस्य जितेंद्र राठौर, धर्मेंद्र राठौर ,दुर्गेश राठोर, रवि राठौर ,अर्जुन राठौर एवं मां अंबिका गरबा मंडल ने की है।

## स्कूल प्रधान अध्यापकों की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

मुख्यालय पर नवनिर्मित शासकीय सीएम राइज विद्यालय बागली पर उक्त विद्यालय के अंतर्गत आने वाली कक्षा एक से आठ तक के प्रधान अध्यापकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक विद्यालय प्राचार्य प्रकाश डाबी की उपस्थिति में आयोजित हुई, जिसमें आगामी नवीन सत्र को लेकर चर्चा की गई। बता दे कि उक्त सीएम राइज विद्यालय में आसपास के कक्षा 1 से 8 तक के 15 स्कूलों का संविलियन होगा, जिसको लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राचार्य प्रकाश डाबी द्वारा कक्षा 1 से 8 एवं 9,11 वी के परीक्षा परिणाम को लेकर समीक्षा की गई। सरकार द्वारा करोड रुपए खर्च कर सुविधा युक्त भवन में अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश करवाने बच्चों और अभिभावकों को प्रेरित किए जाने को लेकर भी चर्चाएं की गई। इस दौरान शासकीय विद्यालय छतरपुरा, नयापुरा, जटाशंकर बहेरी डांगराखेड़ा, बरझाई, धावड़िया सहित अन्य स्कूलों के प्रधान अध्यापक एवं सीएम राइज विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### भारती सेवा समाज संगठन समिति ने बढ़ाए मदद के लिए हाथ



**सीहोर।** ग्राम ताजपुर उकाला मे मां चंडी नो कुंडी महायज्ञ व देवी प्रांण प्रतिष्ठा ओर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर भारती सेवा समाज संगठन समिति के सदस्यों द्वारा एक बड़ी पहल का शुभारंभ मंडावर से किया। बताया कि स्वर्गीय प्रदीप भारती का निधन हो गया था। पत्नी वैजन्ती बाई और उसके दो बालक ओर बालिका जिनकी पालन पौषण की समस्या खडी हो गई थी। महिला को रोजगार से लगने के लिए समिति द्वारा दो बकरी के बच्चे दिलाए गए। जिससे उनको जीवन यापन मे आसानी हो सके। इसी प्रकार समाज की सभी विधवा महिलाओं को समिति द्वारा मनिहारी, सिलाई मशीन. बकरी पालन. आदि कार्यों मे सहयोग किया जाता है। इस दौरान समिति सदस्य रामसिंह भारती, जयसिंह भारती, जनपद गोविंद, अध्यापक लखन भारती आदि समिति सदस्य मौजूद थे।

### दीपेश सेन का अंडर-18 टीम में चयन हुआ

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी की ओर से अभ्यासरत प्रतिभाशाली हरफनमौल क्रिकेट दीपेश सेन इंदौर में होने वाली अंडर-18 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनीत हुए। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, पीपीसीए की ओर से आदर्श राय, अतुल त्रिवेदी आदि ने बधाई दी। अकादमी के कोच आदर्श राय ने बताया कि बीसीआई मैदान पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाता है।

संभागायुक्त ने उद्यानिकी योजनाओं के क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया भ्रमण

# बगीचे का निरीक्षण कर विकसित अमरूद व सीताफल सहित उद्यानिकी फसलें देखी

किसानों से संवाद कर उद्यानिकी फसलों की उपयोगिता एवं आयवृद्धि के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक किसानों को इन फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

भोपाल संभाग के आयुक्त संजीव सिंह द्वारा उद्यानिकी योजनाओं के निरीक्षण के तहत ग्राम कोठरी का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने युवा एवं उन्नत किसान प्रमोद कासनियां के खेत पर विकसित वीएनआर अमरूद, सीताफल और तरबूज सहित विभिन्न उद्यानिकी फसलों के बगीचे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बेहतर प्रबंधन की सराहना कीनिरीक्षण के दौरान आयुक्त संजीव सिंह ने बगीचे में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों एवं बेहतर प्रबंधन की सराहना की।

उन्होंने उपस्थित किसानों से संवाद कर उद्यानिकी फसलों की उपयोगिता एवं आयवृद्धि के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक किसानों को इन फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीहोर जिला कलेक्टर बालागुरु के सहित जिले के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कृषकों से विभिन्न उद्यानिकी फसलों के संबंध में चर्चा कर उनके अनुभव एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक उद्यान जगदीश सिंह मुलाज्दा आष्टा तहसीलदार रामललाल पगारे, व.उ.वि.अधिकारी संजय सिंह ठाकुर पटवारी रुद्रप्रताप ठाकुर, पटवारी अरुण जायसवालऔर किसान महेश नेता,रितेश मोगरिया ,प्रमोद कासनियां आनंद कासनियां किसान मौजूद रहे। जिन्होंने उद्यानिकी खेती के प्रति रुचि दिखाई और नई तकनीकों को अपनाने की बात कही। भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने उद्यानिकी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले के ग्राम जताखेड़ा एवं कोठरी का भ्रमण कर किसानों द्वारा की जा रही उद्यानिकी फसलों का निरीक्षण किया।



इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में संचालित उद्यानिकी योजनाओं तथा उनके माध्यम से किसानों को मिल रहे लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने ग्राम जताखेड़ा में किसान रूपा सिंह द्वारा वीएनआर तकनीक से की जा रही अमरूद की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने इस उन्नत उत्पादन तकनीक की विशेषताओं और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही ड्रिप इरिगेशन सिस्टम एवं फार्म पोंड की प्लास्टिक लाइनिंग के माध्यम से जल संरक्षण एवं उसके प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा की। इसी क्रम में संभागायुक्त श्री सिंह ने आष्टा के ग्राम कोठरी में किसान प्रमोद कासनियां द्वारा की जा रही वीएनआर अमरूद, एनएमके गोल्डन सुपर सीताफल तथा ड्रिप मल्चिंग तकनीक से उत्पादित खीरा फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने आधुनिक तकनीकों के उपयोग से बढ़ती उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता की सराहना करते हुए किसानों को उद्यानिकी फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह, पंपों पर लगी कतारें

**संचालक बोले-पर्याप्त स्टॉक, अफवाह से बचे**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शहर में मंगलवार शाम पेट्रोल और डीजल की कमी होने की अफवाह फैल गई। अफवाह के कारण शहर के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रात 11 बजे तक शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो गया, जबकि कुछ ही पंपों पर आपूर्ति जारी थी। लोगों ने अपनी गाड़ियों की टंकी फुल करा ली, जिससे पेट्रोल पंपों का स्टॉक जल्दी खत्म हो गया। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल और डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है। हाईवे सहित अन्य क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

### सोशल मीडिया ग्रुप्स से फैली अफवाह

पिछले कुछ समय से नगर और क्षेत्र के सोशल मीडिया ग्रुप्स पर पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने जैसी भ्रामक खबरें प्रसारित की जा रही हैं। इन निराधार अफवाहों के कारण आम जनता के बीच अनावश्यक अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। शहर के पेट्रोल पंप संचालक नारायण भूरू मुकाती, बुरहान अली, नीलेश खंडेलवाल ने बताया कि उनके पंप पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।शहर के नया बस स्टैंड, कन्नौद रोड, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग और अलीपुर सहित अन्य क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक सर्वाधिक भीड़ देखी गई।

यह पहली बार नहीं है जब ऐसी अफवाहों ने शहर में अव्यवस्था फैलाई है। पिछले हफ्ते देशभर में घरेलू गैस की कमी की अफवाह फैली थी, जिसके चलते गैस एजेंसियों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लग गई थीं। बाद में यह अफवाह भी निराधार निकली और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध था।

### नागरिकों से भ्रामक खबरों से बचने की अपील

उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन के निर्देशानुसार रात 10 बजे से सुबह 7 बजे तक पेट्रोल पंप की सेवाएं सीमित की गई हैं, लेकिन दिन के समय आपूर्ति निरंतर और सुचारू रूप से जारी है। इसके साथ ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी आधिकारिक तौर पर स्पष्ट किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और वितरण नेटवर्क सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। कंपनी ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और वे निर्बाध आपूर्ति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। प्रशासन और तेल कंपनियों ने अपील की है कि नागरिक सोशल मीडिया की भ्रामक खबरो पर विश्वास न करें, पेट्रोल पंपों पर बेवजह भीड़ न लगाएं और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्त्रोतों पर ही भरोसा करें।



# किसान फॉर्मर रजिस्ट्री जरूर कराएं: तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मध्यप्रदेश में किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, सुगमता और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में ई-टोकन आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की गई है। तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा बताया गया कि इस नई प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक प्राप्त करने के लिए कृषकों के पास फार्मर आईडी का होना अत्यंत आवश्यक है।

एक अप्रैल 2026 से उर्वरक वितरण हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य किए जाने से जिन किसानों द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई गई है उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा।और उन्हें उर्वरक का वितरण नहीं किया जाएगा। अतः सभी किसानों से आग्रह है कि वे अपनी फार्मर आईडी समय रहते तैयार करवा लें जिन किसानों की फार्मर आईडी में उनके सभी खसरा सर्वे नंबर दर्ज नहीं हैं, वे तत्काल संबंधित जानकारी अपडेट करवाएं। जिन कृषकों की भूमि विभिन्न विकासखंडों या अन्य जिलों में स्थित है, वे भी अपने सभी सर्वे नंबरों को एक ही फार्मर आईडी से लिंक कराएं, ताकि भविष्य में उर्वरक प्राप्ति या अन्य कृषिगत प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। किसान बंधु फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए अपने हल्का क्षेत्र के पटवारी, लोकल यूथ, एमपी ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या किसी भी साइबर कैफे से संपर्क कर फॉर्मर आईडी बनवा सकते है और अपने छूटे हुए सर्वे नंबरों को जुड़वा सकते है। ज्ञातव्य है कि किसानों के हित में विभिन्न शासकीय कृषिगत योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी फार्मर आईडी का उपयोग अनिवार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मानिधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, उर्वरक वितरण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन, बोई गई फसल का सत्यापन तथा एग्रीस्टेक से जुड़ी अन्य प्रक्रियाएं भी फार्मर आईडी के माध्यम से ही संपादित करने की योजना है।

तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे अपनी भूमि की फॉर्मर आईडी बनवाएं और अपने सभी सर्वे नंबरों को अपडेट कराएं, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं और उर्वरक वितरण का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

### कक्षा 8वी में आरुषि को मिले 89 प्रतिशत अंक



**जावर।** श्री साईं पब्लिक स्कूल जावर की छात्रा आरुषि सेन ने कक्षा 8 वी में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की कक्षा 8 वी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफलता श्रेय विद्यायल के सभी शिक्षकों को दिया स्कूल संचालक तेजपाल सिंह ठाकुर एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं एवं बधाई।

# मां राजराजेश्वरी की भव्य चुनरी यात्रा से गूंजा नगर आधी रात तक भक्ति में डूबे रहे माता रानी के भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्नौज रोड कॉलोनी चौराहा स्थित मां राजराजेश्वरी उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य चुनरी यात्रा ने पूरे नगर को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। इस दिव्य आयोजन में उमड़ी आस्था की लहर ने ऐसा वातावरण निर्मित किया कि अर्धरात्रि तक नगर भक्तिमय रस में डूबा रहा।मां राजराजेश्वरी के भव्य पंडाल से प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और जय माता दी के गगनभेदी जयकारों के साथ आगे बढ़ी। यात्रा में राधा-कृष्ण, मां चामुंडा एवं मां कालिका के आकर्षक स्वरूपों की सजीव झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तजन भक्ति गीतों पर झूमते-



नाचते हुए माता रानी के गुणगान में लीन नजर आए। मातृशक्ति की यह भक्ति और उत्साहपूर्ण सहभागिता आयोजन की विशेष आकर्षण रही, जिसने हर किसी को भावविभोर कर दिया।चुनरी यात्रा कॉलोनी चौराहा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। जगह-जगह श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समिति के प्रमुख एवं पूर्व पार्षद पंकज यादव के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में सकल हिंदू समाज का विशेष सहयोग रहा। सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा (पूर्व पार्षद) के नेतृत्व में विभिन्न समाजों के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, आनंद गोस्वामी, संजय वर्मा, सुरेश खत्री, प्रेम जयसवाल, रमेश मालवीय, देवकरण मालवीय, सुधीर महलवार, मोंटू कौरी, पवन यादव, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, आशुतोष नामदेव, अमरचंद कुशवाहा पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजजन यात्रा के समापन तक उपस्थित रहे। चुनरी यात्रा के समापन पर मां राजराजेश्वरी की भव्य आरती उतारी गई एवं श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात सकल हिंदू समाज के अध्यक्षगण राठौर मंदिर चौराहा पहुंचे, जहां श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित संगीतमय महाआरती में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही भजन गायक राजीव जायसवाल ने भजनों से उपस्थित भक्तजनों का मन मोह लिया माता रानी के दर्शन का लाभ लिया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में संपन्न हुआ विद्यारंभ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहर एवं गांव के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया 24 मार्च 2026 को परियोजना जावर के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी रीना सिंह द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर बाल चौपाल के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण कर विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र बच्चों का ग्रेजुऐशन सेरेमनी के रूप में सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम बच्चों के शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षकगण भी शामिल हुए, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन किया जा सके। यह पहल प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर कार्यकर्ता सहित अभिभावकगण और स्कूल के शिक्षक भी सम्मिलित हुए।

**संगम तट पर बनेगा सुव्यवस्थित घाट, रेस्ट हाउस के पीछे बनेगी 30 दुकानें**

# जहां विकास और विरासत साथ चलते हैं, वहीं प्रगति होती है: रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जहां विकास और विरासत साथ चलते हैं, वहीं प्रगति का असली उजाला होता है - रायसिंह मेवाड़ाशीघ्र ही संगम तट पर बनेगा सुव्यवस्थित घाट, रेस्ट हाउस के पीछे बनेगी 30 दुकानेनपाध्यक्ष, पार्षद एवं समाजसेवियों ने किया निर्माण कार्यो का भूमिपूजन आष्टा। आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है। आज इस पावन संगम तट पर जहां श्रद्धा और शांति का वास है, वहीं हम एक नए संकल्प की नींव रखने जा रहे हैं। संगम मंदिर के समीप स्थित इस प्राचीन घाट के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन मात्र एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि हमारी विरासत को सहेजने और उसे भव्य रूप देने का एक पवित्र प्रयास है। वहीं आज हमारे शहर के विकास की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। रेस्ट हाउस के पीछे रिक्त भूमि पर नगरपालिका द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जाएगा, जिसका भी भूमिपूजन आज संपन्न हुआ है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 18 स्थित प्राचीन श्री पशुपतिनाथ



मंदिर संगम तट पर नवीन घाट निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 3 रेस्ट हाउस के पीछे रिक्त भूमि पर दुकानों के निर्माण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर व्यक्त किए। उक्त कार्यो का भूमिपूजन नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, भाजपा नेता एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, वार्ड पार्षद श्रीमती लता तेजपाल मुकाती सहित पार्षदों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि नगर में स्थित वर्षो पुराने मंदिर, तालाब या नदी यह हमारी विरासत है, इन विरासतों का सम्मान और नगर विकास के संकल्प के साथ ही भाजपा की नगर सरकार निर्माण और विकास कार्य लगातार करा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि संगम मंदिर स्थित घाट का निर्माण जल संवर्धन योजना के तहत 1 करोड़ 7 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होगा, जिसमें पाथवे, गार्डनिंग, विद्युत पोल, पहुंच मार्ग का निर्माण होगा। वहीं रेस्ट हाउस के पीछे लगभग 30 दुकानों का निर्माण 1 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत से होगा। श्री प्रजापति ने कहा कि परिषद निरंतर प्रयास कर रही है कि शहर के हर कोने का सुव्यवस्थित विकास हो। इस अवसर पर पार्षद डॉ. सलीम खान, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर, हिउस अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, नगीनचंद्र जैन, कल्याणसिंह ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, तेजसिंह ठाकुर, सुरेन्द्रसिंह ठाकुर, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, गबू सोनी, नवीन शर्मा, लखन वर्मा, राजेश राठौर, दीनानाथ परमार, पूरण मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, मनीष किल्लौदिया सहित नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, हालत गंभीर



**जावर।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुई है। हादसे के बाद घायल युवक प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिए हैं, दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसा जावर के पास दरखेड़ा जोड़ पर हुआ है। जोड़ पर भोपाल की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क क्रॉस कर रही बाइक को इतनी तेज टक्टर मारी कि दोनों 10 फीट ऊपर उछल गए कार को टक्कर मारने के बाद छलांग लगाकर कार एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक और कार चालक को गंभीर चोट लगने पर जावर के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद इंदौर रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश और हाल एचपीसीएल कंपनी इंदौर निवासी ऋषभ राज कार में सवार होकर भोपाल से इंदौर की तरफ जा रहा था। दरखेड़ा जोड़ पर अतरालिया निवासी देवकरण मालवीय रोड क्रॉस कर रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार कार और बाइक टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार, बाइक हवा में उछल कर 10 फीट दूर रोड किनारे लगे सागौन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में ऋभष और देवकरण को गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने घायल इंदौर रेफर करा दिए हैं। भीषण हादसे की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।